उत्तर प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–1
सख्या–47/सत्तर–1–2022–20(44)/2020
लखनऊः दिनांकः04 जनवरी, 2022

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2019) की धारा 58 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021 का उच्च शिक्षा अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या–39/सत्तर–1–2022–20(44)/2020 दिनांक 04.01.2022 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा प्रख्यापित हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रतियां निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– अपर मुख्य सचिव, मा0 राज्यपाल, राजभवन, उ0प्र0।
2– अपर मुख्य सचिव, वित्त/कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3– प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4– प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, उत्तर प्रदेश।
5– सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
6– सचिव, एसोसिएशन ऑफ इण्डियन यूनिवर्सिटीज, फिरोजशाह कोटला मार्ग, नई दिल्ली–110002
7– सदस्य सचिव, बार कौंसिल ऑफ इण्ड़िया, 21 राउज एवेन्यू उर्दूघर मार्ग, नई दिल्ली–110002
8– रजिस्ट्रार, जनरल, उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ।
9– रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ।
10– कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
11– कुलसचिव, समस्त निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
12– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
13– अपर सचिव, राज्य उच्च शिक्षा परिषद, इन्दिरा भवन, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बन्धित को अधिसूचना परिचालित करें तथा विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
14– निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग लखनऊ, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि कृपया नियमावली का प्रकाशन विधायी परिशिष्ट भाग 4 खण्ड (क) (उत्तर प्रदेश नियमावली) के अन्तर्गत असाधारण गजट में प्रकाशित कर उसकी 500 प्रतियां उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
15– निजी सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
16– निजी सचिव, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
17– समस्त अधिकारी/अनुभाग, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
18– गार्ड फाइल।

**संलग्नक–यथोक्त**

(ब्रह्मदेव)
संयुक्त सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–1
संख्याः 39/सत्तर–1–2022–20(44)/2020
लखनऊ : दिनांकः 04 जनवरी, 2022

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2019) की धारा 58 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश राज्य में निजी विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने की प्रक्रिया को विनियमित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं:–

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ 1– (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021 कही जायेगी।

(2) यह सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य के लिये लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं 2– जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में;–

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2019) से है;

(ख) "संलग्न भूमि" का तात्पर्य विश्वविद्यालय हेतु प्रस्तावित भूखण्डों की पारस्परिक सम्बद्धता के सम्बन्ध में जारी अधिसूचना संख्या–2047/सत्तर–1–2020–20(1)/2019 टी0सी0–2, दिनाँक 10.11.2020 द्वारा यथा संलग्न के रूप में परिभाषित भूमि से है;

(ग) "मूल्यांकन समिति" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 5 की उप धारा (1) के अधीन गठित मूल्यांकन समिति से है;

(घ) "शासन" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शासन से है;

(ड.) "भूमि" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अधीन किसी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु अपेक्षित भूमि से है ;

(च) "आशय–पत्र" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 6 की उप धारा (1) के अधीन जारी आशय–पत्र से है;

(छ) "स्थायी विन्यास निधि" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (क) के अधीन '5.00 करोड़ रूपये की स्थायी विन्यास निधि' से है;

(ज) "प्रस्ताव" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 4 के अधीन नया विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने हेतु प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव से है;

(झ) ''नगरीय क्षेत्र'' और ''ग्रामीण क्षेत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली के नियम 4 में यथा उल्लिखित क्षेत्र से है;

भू स्वामित्व 3— यदि निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने या परिसर दूरस्थ केन्द्र हेतु प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तावित भूमि ग्रामीण क्षेत्र में हो तो इसे प्रायोजक निकाय के नाम से खतौनी में सम्यक् रूप से अभिलिखित किया जाना आवश्यक होगा और यदि यह नगरीय क्षेत्र में हो तो इसका आवंटन/निष्पादन, प्राधिकरण/स्थानीय निकाय द्वारा प्रायोजक निकाय के नाम से किया जाना आवश्यक होगा। कब्जा प्रमाण–पत्र भी प्राधिकरण/स्थानीय निकाय द्वारा सम्बन्धित प्रायोजक निकाय के पक्ष में जारी किया जाना आवश्यक होगा। भू–स्वामित्व और उसके कब्जे का निर्विवाद होना आवश्यक है।

अधिनियम की व्याख्या के अनुसार, धारा 3 के खण्ड (ख) में, प्रायोजक निकाय द्वारा स्थापित किसी महाविद्यालय अथवा शैक्षिक संस्था के नाम की भूमि, इस अधिनियम के अधीन विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रयोजनार्थ प्रायोजक निकाय द्वारा सम्यक रूप से धारित की गयी समझी जायेगी।

नगरीय क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र 4— (1) (क) नगरीय क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने हेतु अधिनियम की धारा 3 के अनुसार नगरीय क्षेत्र में न्यूनतम 20 एकड़ संलग्न भूमि का धारित किया जाना आवश्यक होगा। अधिसूचना संख्या–76/सत्तर–1–2020–20(1)/2019 टी0सी0–2, दिनाँक 25.01.2020 के अनुसार 'नगरीय क्षेत्र' का तात्पर्य नगर विकास विभाग द्वारा अधिसूचित नगर निगम, नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायत के क्षेत्र तथा महानगरीय क्षेत्र; आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा अधिसूचित विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद्, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र या औद्योगिक विकास विभाग द्वारा अधिसूचित औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र से है।''

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने हेतु न्यूनतम 50 एकड़ संलग्न भूमि धारित किया जाना आवश्यक होगा।

(2) परिसर दूरस्थ केन्द्र स्थापित करने हेतु मानक निम्नवत् होंगे :–

(क) महाविद्यालय हेतु ग्रामीण क्षेत्र में 10 हजार वर्ग मीटर तथा नगरीय क्षेत्र में 5 हजार वर्ग मीटर भूमि का मानक निर्धारित है।

(ख) अभियंत्रण एवं तकनीकी संस्थान हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का मानक 7.5 एकड़ तथा नगरीय क्षेत्रों में 2.5 एकड़ विहित है।

(ग) मैदानी क्षेत्रों में कृषि शिक्षा संस्थानों के लिये 30 हेक्टेयर भूमि का मानक विहित है।

(घ) चिकित्सा शिक्षा संस्थानों हेतु 10 एकड़ भूमि का मानक नियत है।

मानकों के सम्बन्ध में, सम्बन्धित विभागों/विनियामक निकायों आदि द्वारा समय–समय पर किये गये संशोधन एवं परिवर्द्धन लागू होंगे।

(3) प्रायोजक निकाय द्वारा 12.5 एकड़ से अधिक भूमि धारित किये जाने के लिये राज्य सरकार के समुचित प्राधिकारी से प्राप्त अनुज्ञा, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न की जायेगी। यदि तत्सम्बन्ध में अनुज्ञा प्राप्त न की गयी हो तो राजस्व विभाग के आदेश संख्या–11/2021/928/एक–1–2021–रा0–1, दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 के अंतर्गत कृत कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा।

भूमि की समीपस्थता 5— निजी विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्रस्थापित किये जाने हेतु प्रस्तावित भूमि के सम्पूर्ण भूखण्ड एक दूसरे से समीपस्थ/पार्श्वस्थ होंगे;

या

अधिसूचना संख्या–2047/सत्तर–1–2020–20(1)/2019 टी0सी0–II, दिनाँक 10.11.2020 के अनुसार किसी निजी विश्वविद्यालय हेतु यदि प्रस्तावित भूमि किसी सार्वजनिक मार्ग, राज्य/राष्ट्रीय राजमार्ग, सार्वजनिक सम्पर्क मार्ग, किसी ग्राम के चकरोड़, किसी नाला सिंचाई जल–प्रणाली या अन्य सार्वजनिक भूमि से विभाजित हो तो उक्त भूमि समीपस्थ मानी जायेगी, जो निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:–

(क) विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र हेतु भवन यह सुनिश्चित करते हुये निर्मित किये जायेंगे कि वे सार्वजनिक मार्ग या सार्वजनिक भूमि के लिये बाधक न हों और साथ ही साथ ऐसी सड़कों के सम्बन्ध में विनियामक निकायों द्वारा बनायी गयी विधियों/उप विधियों, जो तत्समय प्रवृत्त हों, का उल्लंघन न हो;

(ख) सार्वजनिक मार्ग/सार्वजनिक भूमि की ओर के परिसर के दो भागों के मध्य की दूरी 500 मीटर से अधिक नहीं होगी और परिसर के दो भागों के मध्य कोई निजी भूमि नहीं होगी;

(ग) यदि भूमि किसी नाला से विभाजित हो तो प्रायोजक निकाय को इस प्रकार भवन निर्मित करना होगा और परिसर विकसित करना होगा जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नाला के प्राकृतिक प्रवाह में कोई व्यवधान न हो। प्रायोजक निकाय नाला के दोनों ओर की अपनी भूमि पर हरित पट्टी विकसित कर सकता है अथवा सीमा दीवाल निर्मित कर सकता है ;

(घ) प्रायोजक निकाय की भूमि तक परिरूद्ध सड़क/मार्ग, गूल तथा नाला आदि का विनिमय, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या–33/745/एक–1–2016–20(5)/2016, दिनांक 03 जून, 2016 और तत्सम्बन्ध में जारी अन्य निदेशों द्वारा निर्धारित प्रकिया के अधीन किया जायेगा।

सार्वजनिक सड़क/सार्वजनिक भूमि का विनिमय किये जाने तक सड़क, चकरोड, नाला और अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति लोक उपयोग हेतु प्रायोजक निकाय द्वारा खुले रखे जायेंगे और वे भवन निर्माण या परिसर विकास द्वारा बंद नहीं किये जायेंगे और प्रायोजक निकाय उन्हें समुचित भू–दृश्यकरण या हरित पट्टी के माध्यम से परिरक्षित करेगा ;

(ङ.) प्रायोजक निकाय की भूमि से गुजरने वाली सड़क/मार्ग, गूल, नाला आदि की व्यवस्था राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या–33/745/एक–1–2016–20(5)/2016 दिनांक 03 जून, 2016 और तत्सम्बन्ध में जारी अन्य निदेशों द्वारा निर्धारित प्रकिया के अधीन की जायेगी।

सार्वजनिक सड़क/सार्वजनिक भूमि का विनिमय किये जाने तक सड़क, चकरोड, नाला और अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति, प्रायोजक निकाय द्वारा उपर्युक्त प्रस्तर (घ) में यथा उल्लिखित रूप में सार्वजनिक उपयोग के लिये खुले रखे जायेंगे।

(च) यदि प्रायोजक निकाय की भूमि के मध्य में स्थित सार्वजनिक भूमि विनिमय योग्य न हो अर्थात इसका विद्यमान सरकारी नियमों के अनुसार विनिमय नहीं किया जा सकता है, तो इसे प्रायोजक निकाय द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिये सदैव खुला रखा जायेगा,

और प्रायोजक निकाय अपने हक की ऐसी भूमि के चारो ओर सीमा दीवाल निर्मित कर सकता है। अग्रतर यह कि ऐसी सार्वजनिक भूमि के क्षेत्रफल की गणना विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र की भूमि के लिये नहीं की जायेगी ;

परन्तु यह कि विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र के प्रस्ताव पर विचार, आशय–पत्र स्वीकृत करने के लिये किया जायेगा और तत्पश्चात् जब अन्य शर्तें प्रायोजक निकाय द्वारा पूरी कर दी जायेंगी तब विश्वविद्यालय का नाम अधिनियम में उल्लिखित अनुसूची में इस शर्त के साथ सम्मिलित किये जाने के लिये सुविचारित किया जायेगा कि आशय–पत्र जारी किये जाने के दिनांक से दो वर्ष के भीतर, प्रायोजक निकाय को सार्वजनिक भूमि का विनिमय सुनिश्चित करना होगा और उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से राजस्व विभाग को सूचित करना होगा। यदि प्रायोजक निकाय द्वारा विहित समय के भीतर विनिमय निष्पादित नहीं किया जाता है, तो उच्च शिक्षा विभाग, न्याय विभाग के परामर्श से विश्वविद्यालय का नाम अधिनियम की अनुसूची से हटा देगा।

सन्नियमों के अनुसार भूमि धारित किये जाने का सत्यापन

6– मूल्यांकन समिति में सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, (जो उप जिलाधिकारी से अन्यून हो) भू–स्वामित्व, भूखण्ड निरन्तरता, प्रस्तावित भूमि में सम्मिलित सरकारी भूमि का विवरण और समुचित प्राधिकारी द्वारा 12.50 एकड़ से अधिक भू–क्रय किये जाने सम्बन्धी अनुज्ञा सम्बन्धी निरीक्षण रिपोर्ट में व्यक्तिगत रूप से अपनी टिप्पणियां देगा और सुसंगत दस्तावेज भी उपलब्ध करायेगा।

वित्तीय व्यवहार्यता

7– (क) प्रायोजक निकाय की वित्तीय स्थिति का निर्धारण, चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा पिछले 03 वर्षों के लेखा परीक्षित तुलन–पत्र आय और व्यय के लेखा के आधार पर कुल आय और बचत तथा प्रायोजक निकाय द्वारा लिये गये ऋण तथा उनके उपयोग को ध्यान में रखते हुये किया जायेगा और विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्रके संचालन हेतु उसके द्वारा वित्तीय व्यवहार्यता से सम्बन्धित टिप्पणियां की जायेंगी। मूल्यांकन समिति के सदस्य के रूप में वित्त अधिकारी प्रायोजक निकाय की वित्तीय सामर्थ्य का निर्धारण करने के लिये उत्तरदायी होगा।

(ख) प्रायोजक निकाय की वित्तीय सामर्थ्य के सम्बन्ध में, परियोजना रिपोर्ट निम्नलिखित बिन्दुओं पर चार्टर्ड अकांउटेंट की रिपोर्ट/विवरण के साथ उपलब्ध करायी जायेगी :–

एक गत 3 वर्षों की आस्ति देनदारी अनुपात अर्थात् कुल आस्तियों और कुल देनदारियों का अनुपात।

दो गत् 03 वित्तीय वर्षों की समाप्ति पर शुद्धमूल्य अर्थात् कुल आस्तियां माइनस (–) तीन वित्तीय वर्षों की समाप्ति पर कुल देनदारियां और गत 3 वर्षों का रूझान। शुद्धमूल्य धनात्मक होना चाहिए।

तीन गत 3 वर्षों की ऋण इक्वीटी अनुपात

चार निजी विश्वविद्यालय की स्थापना और संचालन से सम्बन्धित दिनांक विषयक प्रायोजक निकाय की वित्तीय व्यवहार्यता पर टिप्पणी।

(ग) प्रायोजक निकाय वित्तीय सामर्थ्य के सम्बन्ध में परियोजना रिपोर्ट के साथ निम्नलिखित बिन्दुओं पर रिपोर्ट/विवरण उपलब्ध करायेगा :–

एक प्रायोजक निकाय के सम्बन्ध में यह विवरण कि प्रायोजक निकाय की कुल आस्तियां, उसकी कुल देनदारियों से अधिक हैं, शुद्धमूल्य धनात्मक है, ऋण का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है और गत तीन वर्षों के दौरान ऋण इक्वीटी अनुपात निरन्तर घटता रहा है।

दो प्रायोजक निकाय द्वारा आगामी तीन वर्षों में कितना व्यय अपेक्षित है और किन स्रोतों से इसे पूरा किया जायेगा, उसका विवरण।

तीन गत तीन वर्षों एवं आगामी तीन वर्षों का वर्षवार आय–व्यय तथा अधिशेष का विवरण।

चार निजी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रायोजक निकाय की अद्यतन वित्तीय व्यवहार्यता।

(घ) मूल्यांकन/निरीक्षण समिति, प्रायोजक निकाय की गत तीन वर्षों की आस्ति–देयता अनुपात के संदर्भ में इस बिन्दु का परीक्षण करेगी और एक स्पष्ट राय देगी कि प्रायोजक निकाय प्रस्तावित विश्वविद्यालय की स्थापना और संचालन के लिये वित्तीय रूप से व्यवहार्य है अथवा नही है। प्रायोजक निकाय के वित्तीय रूप से व्यवहार्य होने के लिये यह आवश्यक है कि कुल आस्तियां कुल देनदारियों से अधिक होनी चाहिए और उसका शुद्ध मूल्य धनात्मक होना चाहिए, प्रायोजक निकाय द्वारा बैंक या वित्तीय संस्था से लिये गये ऋण के सापेक्ष किस्तों का नियमित भुगतान किया जाना चाहिए। यह भी अवलोकित किया जायेगा कि स्वीकृत ऋण की धनराशि में कमशः कमी आ रही है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित बैंक से पुष्टिकरण पत्र प्रायोजक संस्था द्वारा प्राप्त कर प्रस्तुत किया जायेगा।

मूल्यांकन/निरीक्षण समिति द्वारा संस्था के चार्टर्ड अकांउटेन्ट से प्रायोजक निकाय की वित्तीय सक्षमता के सम्बन्ध में टिप्पणियां प्राप्त की जायेंगी और प्रायोजक संस्था के तीन वर्षों के वार्षिक खातों का सम्यक् अध्ययन करके नियम 7 (ख) एवं 7 (ग) के बिन्दुओं पर सूचना देते हुए प्रायोजक संस्था की वित्तीय सक्षमता के सम्बन्ध में मूल्यांकन/निरीक्षण समिति की रिपोर्ट एवं तत्सम्बन्धी स्पष्ट मन्तव्य उपलब्ध कराया जायेगा।

आवेदन करने की प्रकिया

8– विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र के लिये आवेदन पत्र परिशिष्ट–2 में यथा प्रदत्त प्रारूप में प्रस्तुत किया जायेगा। सरकार, समयबद्ध रीति से ऑनलाइन आवेदन कराने के लिये एक पद्धति विकसित करने का प्रयास करेगी। निजी विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और प्रस्ताव सहित आवेदन पत्र और साथ ही साथ राज्य सरकार द्वारा समय समय पर नियत तथा अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ के पक्ष में संदेय आवेदन शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रयोजक निकाय द्वारा ऑनलाईन आवेदन किये जाने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर प्रस्तुत किया जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ प्राप्त आवेदन धनराशि, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के बैंक खाते में जमा की जायेगी और उसका पूर्ण विवरण किसी पृथक बही में अभिलिखित किया जायेगा। आवेदन पत्रों के साथ प्राप्त इस धनराशि का व्यय, सरकार के पूर्वानुमोदन से किया जायेगा।

आवेदन–पत्र के साथ वांछित सूचना

9— प्रायोजक निकाय परिशिष्ट 2 में यथाविहित प्रारूप पर आवेदन करेगा जिसमें निम्नलिखित सूचना, निम्नलिखित अभिलेखों को संलग्न करते हुये प्रस्तुत की जायेंगी:–

क– यदि भूमि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है :–

1. ग्राम / ग्रामों के नाम.......... तहसील.......
   सम्मिलित भूखण्डों की संख्या......
2. प्रस्तावित क्षेत्रफल..............
3. निर्विवाद स्वामित्व विषयक उप जिलाधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र
4. खतौनी की प्रमाणित प्रति के अनुसार प्रस्तावित गाटों का स्वामित्व
5. उप जिलाधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र के अनुसार समस्त प्रस्तावित भूखण्डों की समीपस्थता की प्रास्थिति
6. प्रस्तावित भूमि को चिह्नित करते हुये उप जिलाधिकारी द्वारा प्रमाणित राजस्व मानचित्र संलग्न किये जाने की प्रास्थिति

(प्रस्तावित भूमि एक से अधिक ग्रामों में होने की स्थिति में सभी ग्रामों का पृथक–पृथक व एक संयुक्त राजस्व मानचित्र संलग्न किया जायेगा)

7. प्रस्तावित स्थल को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग की चौड़ाई का विवरण
8. प्रस्तावित भूमि के मध्य स्थित सरकारी भूमि का विवरण निम्नवत प्रस्तुत किया जायेगा:–

   (1) उप जिलाधिकारी द्वारा प्रमाणित राजस्व मानचित्र में चिह्नित, यदि वे विनिमय योग्य हों तो हरे रंग से तथा यदि विनिमय योग्य न हों तो लाल रंग में प्रस्तुत किये जायेंगे।

   (2) सरकारी / सार्वजनिक उपयोग की भूमि का विवरण निम्नलिखित सारिणी में भी प्रस्तुत किया जायेगा:–

| क्रमांक | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | प्रकृति | टिप्पणी विनिमय योग्य अथवा गैर विनिमय योग्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

   (3) प्रायोजक निकाय द्वारा सरकारी / सार्वजनिक उपयोगिता वाली भूमि के विनिमय हेतु प्रस्तुत वाद / आवेदन–पत्र का विवरण एवं अद्यतन प्रास्थिति।

9. अधिनियम की धारा 3 एवं धारा 4 के अनुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट।

ख– यदि प्रस्तावित भूमि विकास प्राधिकरण अथवा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित हो:–

ऐसी स्थिति में, निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किये जायेंगे–

(1) सम्बन्धित नगरीय निकाय की अधिसूचना संख्या एवं दिनांक तथा उसकी प्रति।

(2) प्रायोजक निकाय के नाम से जारी आवंटन पत्र।

(3) प्राधिकरण द्वारा निष्पादित विक्रय विलेख / पट्टा विलेख।

(4) कब्जा प्रमाण–पत्र।

(5) प्रस्तावित भूमि पर निजी विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना एवं संचालन हेतु प्राधिकरण का अनापत्ति पत्र (अद्यतन)।

(6) प्रस्तावित भूमि के भूखण्डों के संलग्न (Contiguous) होने का प्रमाण–पत्र।

(7) प्रस्तावित भवन निर्माण मानचित्र पर प्राधिकरण की स्वीकृति। यदि भवन प्रस्तावित भूमि पर पूर्व में ही निर्मित हो तो विश्वविद्यालय और परिसर दूरस्थ केन्द्र के संचालन हेतु प्राधिकरण की अनापत्ति।

(8) अधिनियम की धारा 3 एवं धारा 4 के अनुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट।

ग– प्रस्तावित भूमि के नगरीय क्षेत्र में स्थित होने किन्तु किसी प्राधिकरण द्वारा आबंटित न होने की स्थिति में–

निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जायेंगी:–

(1) यदि प्रस्तावित भूमि ऊपर नियम 4(1)(क) मे यथा प्रदत्त नगरीय क्षेत्र की परिभाषा से आच्छादित हो और किसी प्राधिकरण द्वारा आबंटित न हो तो सम्बन्धित नगरीय निकाय/विकास प्राधिकरण आदि की अधिसूचना की एक प्रति उसके सक्षम अधिकारी–द्वारा प्रमाणित की जायेगी जिसमें प्रस्तावित भूमि को नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने से सम्बन्धित सूचना स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो।

(2) स्वामित्व विषयक नगर निकाय के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि।

(3) प्रायोजक निकाय द्वारा स्वामित्व प्राप्त भूमि के समस्त भूखण्डों/सम्पूर्ण क्षेत्रफल की पारस्परिक समीपस्थता का प्रमाण–पत्र, जो उप जिलाधिकारी की श्रेणी से अनिम्न अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(4) उप जिलाधिकारी/नगरीय निकाय के सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित राजस्व मानचित्र, जिसमें प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तावित भूमि को स्पष्ट रूप से पीले रंग से चिह्नित किया गया हो।

(5) विकास प्राधिकरण/नगर निकाय द्वारा स्वीकृत भवन मानचित्र।

(6) प्रस्तावित भूमि पर निजी विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना एवं संचालन हेतु विकास प्राधिकरण/नगरीय निकाय का अनापत्ति पत्र।

(7) अधिनियम की धारा 3 एवं धारा 4 के अनुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट।

सन्नियमों के अनुसार भवन निर्माण किया जाना और भवन उपलब्ध कराया जाना

10– (क) सम्बन्धित महानगरीय क्षेत्र, नगर पालिका परिषद्, नगर निगम और नगर पंचायत, विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत किये जाने के पश्चात् ही प्रस्तावित भूमि पर भवन, प्रायोजक निकाय द्वारा निर्मित किया जायेगा।

(ख) यदि प्रस्तावित भूमि पर भवन पहले ही निर्मित हो तो निजी विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्रके संचालन के लिए पूर्व निर्मित भवन का उपयोग करने के संबंध में सम्बन्धित महानगरीय क्षेत्र, नगर पालिका परिषद, नगर निगम और नगर पंचायत, विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्राप्त की जायेगी और उसे आवेदन पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा।

(ग) मूल्यांकन और निरीक्षण समिति में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्य द्वारा यह सत्यापित किया जायेगा कि प्रस्तावित भवन निर्माण सरकारी भूमि पर नहीं है, भवन प्रस्तावित भूखण्डों पर निर्मित है और प्रस्तावित भूमि से भिन्न भूखण्ड पर कोई भवन

निर्मित नहीं है। प्रस्तावित भूमि के भूखण्डों/आवंटित भूखण्डों पर भवन निर्माण मानचित्र में चिन्हित/अंकित किया जायेगा और उसे प्रमाणित किया जायेगा।

11— भूमि/भूमि बंधक रखने के सापेक्ष ऋण के संबंध में

यदि प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तावित भूमि के सापेक्ष पूर्व में बैंक अथवा वित्तीय संस्था से ऋण लिया गया हो जिसके सापेक्ष प्रस्तावित भूमि बंधक रखी गयी हो तो प्रायोजक निकाय द्वारा परिशिष्ट–6 में यथा प्रदत्त प्रारूप पर एक शपथ–पत्र प्रस्तुत किया जायेगा जिसमें यह वचन दिया जायेगा कि प्रायोजक निकाय द्वारा ग्रहीत उक्त ऋण का उपयोग विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र से भिन्न प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा और पहले से निर्मित भवन तथा सम्पत्तियाँ एवं महाविद्यालय, प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र के अंग होंगे।

इसके अतिरिक्त निजी विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना के लिये ऋण प्रदाता संस्था की 'अनापत्ति' प्रायोजक निकाय द्वारा इस प्रतिबद्धता के साथ उपलब्ध करायी जायेगी कि ऋण की किस्त का भुगतान नियमित रूप से किया जायेगा।

तत्पश्चात् भविष्य में तत्समय विद्यमान विधि के अधीन प्रस्तावित विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना करने के प्रयोजनार्थ ऋण प्राप्त करने से भिन्न किसी प्रयोजन के लिये किसी बैंक या वित्तीय संस्था से भिन्न किसी व्यक्ति को प्रायोजक निकाय द्वारा विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना हेतु प्रस्तावित उक्त भूमि को बंधक नहीं रखा जायेगा। बंधक रखी गयी सम्पत्ति पर बैंक/ऋण प्रदाता का प्रभार प्रभावित नहीं होगा और यह प्रभार सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र की प्रास्थिति प्राप्त करने के ठीक पश्चात् नवस्थापित विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र के नाम से पंजीकृत किया जायेगा।

भविष्य में, केवल इस भूमि के सापेक्ष ऋण प्राप्त किया जायेगा और भविष्य में प्राप्त किये जाने वाले ऋण की सूचना राज्य सरकार को समय से उपलब्ध करायी जायेगी।

पूर्वोक्त शपथ–पत्र की एक प्रति प्रायोजक निकाय द्वारा ऋण प्रदाता बैंक/वित्तीय संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी और इसकी सूचना शासन को प्रस्तुत की जायेगी।

प्रायोजक निकाय द्वारा शपथ–पत्र में यह घोषित किया जायेगा कि अधिनियम की समस्त धाराओं और उसमें उल्लिखित शर्तों को क्रियान्वित करना बाध्यकारी होगा और कोई सूचना असत्य पाये जाने पर उक्त निजी विश्वविद्यालय तथा प्रायोजक निकाय के विरूद्ध विधि के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

12— मूल्यांकन के लिये निरीक्षण

अधिनियम की धारा 5 के अधीन प्रस्ताव का मूल्यांकन, गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जायेगा और निरीक्षण के समय, रिपोर्ट निम्नलिखित बिन्दुओं का परीक्षण किये जाने के पश्चात् प्रस्तुत की जायेगीः—

1— कुल आय, व्यय और बचतों तथा साथ ही साथ नियम 7 के निबंधनो के अनुसार ऋण और उनके उपयोग के संबंध में प्रायोजक निकाय के वित्तीय सामर्थ्य पर एक सुस्पष्ट टिप्पणी, विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र संचालित करने हेतु की जायेगी।

प्रायोजक निकाय द्वारा गत तीन वर्षों के लेखा परीक्षित तुलन पत्र के आधार पर प्रायोजक निकाय की वित्तीय सामर्थ्य पर एक सुस्पष्ट टिप्पणी विश्वविद्यालय या

परिसर दूरस्थ केन्द्र संचालित करने हेतु की जायेगी।

2— भू–स्वामित्व सहित भूमि, भूखण्ड निरन्तरता, प्रस्तावित भूमि में सम्मिलित सरकारी भूमि विवरण और 12.50 एकड़ से अधिक भूमि क्रय विषयक समुचित प्राधिकारी की अनुज्ञा से सम्बन्धित समस्त महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर रिपोर्ट, सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी द्वारा स्पष्ट तौर पर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत की जायेगी और समस्त सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध कराये जायेंगे।

3— समिति द्वारा सुस्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी कि क्या प्रायोजक निकाय अधिनियम में उल्लिखित शर्तों, विशेष रूप से अधिनियम की धारा 3 के अधीन शर्तों को पूरी करता है।

4— समिति के प्रत्येक सदस्य का दिनांक सहित हस्ताक्षर, नाम और पदनाम प्रस्तावित विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र की निरीक्षण रिपोर्ट में तथा उसके समस्त अनुलग्नकों पर भी अंकित किये जायेंगे।

5— विश्वविद्यालय या परिसर दूरस्थ केन्द्र के लिये प्रस्तावित भूमि पर संचालित महाविद्यालयों/संस्थाओं के सम्बन्ध में वित्तीय सामर्थ्य तथा विवरण विषयक सुस्पष्ट संस्तुति तथा तत्संबंधी कार्ययोजना, मूल्यांकन समिति में सम्मिलित कुलसचिव, वित्त अधिकारी और कुलपति द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।

6— मूल्यांकन समिति द्वारा रिपोर्ट, परिशिष्ट–3 के अधीन विहित प्ररूप पर उपलब्ध करायी जायेगी।

**आशय–पत्र जारी किये जाने हेतु विचारार्थ बिन्दु**

13— अधिसूचना दिनांक 10–11–2021 को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित भूमि का भू स्वामित्व तथा नगरीय क्षेत्र में होने के कारण भूमि का क्षेत्रफल तथा उसकी प्रास्थिति (यदि प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिसूचना दिनांक 25–01–2020 के अधीन नगरीय क्षेत्र मे प्रस्तावित हो) भूमि की संलग्नता बंधकमुक्त हुयी भूमि की प्रास्थिति, सम्बन्धित प्राधिकरण/स्थानीय निकाय का अनापत्ति प्रमाणपत्र, भू–धारण से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा और मूल्यांकन समिति रिपार्ट में प्रायोजक निकाय की व्यवहार्यता से सम्बन्धित मूल्यांकन/संस्तुति।

**आशय पत्र जारी किया जाना**

14— मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्ताव का मूल्यांकन किये जाने के पश्चात् निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना हेतु आशय–पत्र जारी किये जाने से सम्बन्धित संस्तुति किये जाने के लिये, निम्नलिखित उच्च स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा:–

1— मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन — अध्यक्ष
2— अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त एवं संस्थागत वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन — सदस्य
3— अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन — सदस्य
4— प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन — सदस्य
5— अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन — सदस्य
6— अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन — सदस्य

7– अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन – सदस्य

8– अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन – सदस्य

9– विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन – सदस्य–सचिव

विभाग उक्त उच्च स्तरीय समिति के समक्ष निम्न बिन्दुओं पर अपना मन्तव्य एवं संस्तुति प्रस्तुत करेगा :–

(1) प्रस्तावित भूमि के स्वामित्व की पुष्टि
(2) भूमि के नगरीय क्षेत्र/ग्रामीण क्षेत्र में होने की स्थिति
(3) भूमि की संलग्नता की प्रास्थिति
(4) प्रस्तावित भूमि में शासकीय भूमि की प्रास्थिति
(5) 12.50 एकड़ से अधिक धारित भूमि के विनियमितीकरण की प्रास्थिति
(6) प्रायोजक इकाई की वित्तीय व्यवहार्यता की पुष्टि
(7) प्रस्तावित भूमि की मुख्य मार्ग से सम्पर्क की प्रास्थिति
(8) भूमि के बंधक मुक्त होने की स्थिति
(9) प्राधिकरण की अनापत्ति

उपरोक्त उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के पश्चात्, प्रायोजक निकाय को आशय–पत्र जारी करने हेतु मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त करना होगा और तत्पश्चात् आशय पत्र, परिशिष्ट–4 में दिये गये प्रारूप के अनुसार जारी किया जायेगा।

**अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना**

15– परिशिष्ट–5 में यथाविहित शपथ–पत्र या आशयपत्र में उल्लिखित शर्तों को विस्तृत रूप में प्रतिपादित करते हुए 100 रू0 का स्टाम्प पत्र अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (2) के अधीन यथा अवधारित आशय पत्र जारी किये जाने के दिनांक के दो वर्ष की अवधि के भीतर प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

**परिसर दूरस्थ केन्द्र/केन्द्रों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुज्ञा प्राप्त किया जाना**

16– 1– राज्य सरकार द्वारा जारी आशय–पत्र के आधार पर प्रायोजक निकाय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुज्ञा प्राप्त की जायेगी और उसे राज्य सरकार को प्रस्तुत की जायेगी।

2– अधिनियम की धारा 7 (क) के अधीन आशय–पत्र जारी किये जाने के एक माह के भीतर, प्रायोजक निकाय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अनुज्ञा के लिये आवेदन करेगा और यदि आवेदन किये जाने के दिनांक से 01 वर्ष के भीतर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का विनिश्चय प्राप्त नहीं किया जाता है तो यह समझा जायेगा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को आशय–पत्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है, तद्नुसार, यह अवधारित करते हुए कि तत्सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुज्ञा है, परिसर दूरस्थ केन्द्र स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा विनिश्चय किया जायेगा।

3– आशय–पत्र के अनुसार परिसर दूरस्थ केन्द्र संचालित किये जाने के लिये समस्त अवसंरचनात्मक सुविधाएं सृजित की जायेंगी और अनुज्ञा में उल्लिखित पाठ्यक्रम संचालित करने के लिये अपेक्षित अनापत्ति प्रमाण–पत्र या अनुमोदन, यदि कोई हों, केन्द्र/राज्य सरकार अथवा केन्द्र/राज्य निकायों से प्राप्त किया जायेगा और राज्य

सरकार से सम्बन्धित समस्त विवरण उपलब्ध कराने के पश्चात परिसर दूरस्थ केन्द्र संचालित किये जाने से सम्बन्धित सूचना राज्य सरकार को प्रस्तुत की जायेगी।

4— उपनियम (3) के अधीन प्रायोजक निकाय की रिपोर्ट प्राप्त करने के पश्चात यदि राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि परिसर दूरस्थ केन्द्र स्थापित किया जाना न्यायोचित है तो वह अनुज्ञा के अनुसार परिसर दूरस्थ केन्द्र को उसके नाम और स्थान से संचालित करने की अनुज्ञा प्रदान कर सकती है।

**संचालन की अनुज्ञा हेतु निरीक्षण**

17— दो वर्ष की अवधि के भीतर प्रायोजक निकाय से अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त किये जाने पर, शपथपत्र में प्रस्तुत कथनों और दस्तावेजों का सत्यापन सरकार द्वारा सम्यक् प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए किया जायेगा और स्थलीय सत्यापन के प्रयोजनार्थ एक निरीक्षण और सत्यापन समिति गठित की जायेगी। निरीक्षण और सत्यापन समिति का गठन निम्नवत् होगाः—

1— उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के अधीन स्थापित किसी राज्य विश्वविद्यालय का एक कुलपति;
2— संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन से अनिम्न श्रेणी का एक अधिकारी;
3— उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं लेखा—सेवा के संयुक्त निदेशक की श्रेणी से अनिम्न एक अधिकारी;
4— सम्बन्धित जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामनिर्दिष्ट परगना मजिस्ट्रेट की श्रेणी से अनिम्न एक अधिकारी;
5— राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के अधीन स्थापित किसी विश्वविद्यालय का एक कुलसचिव।

**निरीक्षण और सत्यापन समिति द्वारा अनुपालन रिपोर्ट का सत्यापन किया जाना**

18— निरीक्षण और सत्यापन समिति, शपथपत्र में यथा उपदर्शित अनुपालन रिपोर्ट का सत्यापन करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर रिपोर्ट अनुलग्नक 7 के प्रारूप पर प्रस्तुत करेगीः—

1— प्रस्तावित भूमि का स्वामित्व;

2— प्रस्तावित भूमि की समीपस्थता;

3— 12.5 एकड़ से अधिक भूमि क्रय किये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गयी अनुज्ञा अथवा राजस्व विभाग के आदेश संख्या—11/2021/928/एक—1—2021—रा0—1, दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 के अधीन प्रायोजक निकाय द्वारा कृत कार्यवाही ;

4— प्रस्तावित विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र की स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि के नगरीय क्षेत्र में स्थित होने की स्थिति में, महानगरीय क्षेत्र, नगर पालिका परिषद, नगर निगम तथा नगर पंचायत, विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की अनापत्ति;

5— प्रस्तावित विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र के भवन की प्रास्थिति और प्रस्तावित भूमि के भूखण्डों पर भवन निर्माण का साक्ष्य;

6— निजी विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र के प्रयोजन हेतु पहले से विद्यमान पूर्व निर्मित भवन के उपयोग के संबंध में महानगरीय क्षेत्र, नगर पालिका परिषद, नगर निगम तथा नगर पंचायत, विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की अनापत्ति का विवरण ;

7– प्रस्तावित भूमि के सापेक्ष प्रायोजक निकाय द्वारा ग्रहण किये गये ऋण की प्रास्थिति तथा इस संबंध में प्रायोजक निकाय के शपथ पत्र पर टिप्पणी;

8– इस सन्दर्भ में प्रस्तावित विश्वविद्यालय अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र संचालित करने के लिये प्रायोजक निकाय की वित्तीय सामर्थ्य तथा परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता;

9– प्रस्तावित भूमि पर पूर्व में विद्यमान शैक्षिक तथा अन्य संस्थाओं की प्रास्थिति।

संचालन हेतु प्राधिकार पत्र

19– यदि आशय पत्र और अधिनियम में उल्लिखित शर्तों का प्रायोजक निकाय द्वारा अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में राज्य सरकार का समाधान हो जाता है तो विभाग, उपर्युक्त पैरा 17 में उल्लिखित बिन्दुओं पर सुस्पष्ट आशय और संस्तुति अंकित करके कोई निजी विश्वविद्यालय स्थापित करेगा और उक्त अनुमोदन, निजी विश्वविद्यालय का नाम अधिनियम की अनुसूची में जोड़ने अथवा परिसर दूरस्थ केन्द्र संचालित करने के लिये मंत्रिमण्डल को प्रस्ताव प्रस्तुत करके प्राप्त किया जायेगा, और संचालन हेतु प्राधिकार पत्र परिशिष्ट–8 में दिये गये प्रारूप में जारी किया जायेगा।

रद्दकरण

20– यदि अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (2) के अधीन जारी आशय पत्र जारी किये जाने के दिनांक से दो वर्ष के भीतर प्रायोजक निकाय द्वारा अनुपालन रिपोर्ट से सम्बन्धित शपथपत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो आशय पत्र रद्द किया समझा जायेगा।

आज्ञा से,

( **मोनिका एस0 गर्ग** )
अपर मुख्य सचिव।

**Uttar Pradesh Shasan**
**Uccha Shiksha Anubhag-1**

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no.39 /70-1-2022-20(44)/2020, dated 04 January, 2022.

**NOTIFICATION**

No.39 /70-1-2022-20(44)/2020

Lucknow, Dated : 04 January, 2022

In exercise of the powers conferred by section 58 of the Uttar Pradesh Private Universities Act, 2019 (U.P. Act no. 12, 2019), the Governor is pleased to make the following rules with a view to regulate the procedure of establishment of private universities in the State of Uttar Pradesh :-

## Uttar Pradesh Private Universities (Establishment) Rules, 2021

Short title, extent and commencement

1 (1) These rules may be called The Uttar Pradesh Private Universities (Establishment) Rules, 2021.

(2) They shall apply to the whole of the State of Uttar Pradesh.

(3) They shall come into force from the date of their publication in the Gazette.

Definitions

2 In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Uttar Pradesh Private Universities Act, 2019 (U.P. Act no. 12 of 2019);

(b) "Contiguous Land" means the land defined as contiguous vide Notification no. 2047/Sattar-1-2020-20(1)/2019 TC-2 dated 10.11.2020 issued in relation to mutual contiguity of land plots proposed for the university;

(c) "Evaluation Committee" means the evaluation committee constituted under subsection (1) of section 5 of the Act;

(d) "Government" means the State Government of Uttar Pradesh;

(e) "Land" means the land required for the establishment of a University under section 3 of the Act;

(f) "Letter of Intent" means the letter of intent issued under sub-section (1) of section 6 of the Act;

(g) "Permanent Endowment Fund" means 'the permanent endowment fund of Rs. 5.00 Crores' under sub-section (a) of section 3 of the Act;

(h) "Proposal" means the proposal presented for establishment of new university under section 4 of the Act;

(i) "Urban Area" and "Rural Area" means the area as mentioned in rule 4 of these rules.

Ownership of Land — 3

If the land proposed by the sponsoring body for the establishment of a private university is in rural area, it must be duly recorded in the name of the sponsoring body in the Khatauni, and if it is in urban area then it must be allotted/executed in the name of the sponsoring body by the authority/local body. Possession certificate must also be issued by the authority/local body in favour of the concerned sponsoring body. The ownership and possession of the land must be undisputed.

According to explanation in the Act, in clause (b) of section 3, the land in the name of a college or educational institution established by the sponsoring body shall also be deemed to be duly possessed by a sponsoring body for the purpose of establishing a University under this Act.

Urban Area and Rural Area — 4

(1) (a) For the establishment of university in the urban area, holding of minimum 20 acres of contiguous land in the urban area as per section 3 of the act shall be mandatory. As per notification no.76/Sattar-1-2020-20(1)/2019 TC-2 dated 25.01.2020, 'Urban Area' means the area of a Municipal Corporation, a Municipal Council, a Nagar Panchayat and a Metropolitan Area notified by Urban Development Department, a Development Authority, Area of a Housing Board, a Special Area Development Authority, a Viniyamit Kshetra notified by Housing and Urban planning Department or an Industrial Development Authority notified by Industrial Development Department.

(b) For the establishment of university in the rural areas, holding of minimum 50 acres of contiguous land shall be mandatory.

(2) The standards for setting up off-campus center will be as follows:-

(a) The standard of land for the college is 10 thousand square meters in rural areas and 5000 square meters in urban areas.

(b) For engineering and technical institute, the standard of land is 7.5 acres in rural areas and 2.5 acres in urban areas.

(c) The standard of 30 hectares of land has been prescribed for agricultural educational institutions in the plain areas.

(d) The standard of 10 acres of land is fixed for medical education institutions.

In relation to the standards, amendments and additions made from time to time by the concerned departments/regulatory bodies etc. will be applicable.

(3) Permission obtained by the sponsoring body from the appropriate authority of the State Government for holding of more than 12.5 acres of land shall be attached with the application form. If permission has not been obtained in this regard, then details of action taken under Revenue Department's mandate

number-11/2021/928/A-1-2021-R0-1, dated October 26, 2021 will be presented.

Contiguity of Land 5

For establishment of a private university or off-campus centre, all the plots of the proposed land shall be contiguous/adjacent to each other;

OR

As per Notification no. 2047/Sattar-1-2020-20(1)/2019 TC-II dated 10.11.2020 for any private university if the proposed land is divided by any public road, State/National Highway, public link way, chakroad of any village, any rivulet, irrigation water channel or other public land, then the said land will be treated as contiguous shall be subject to the following conditions:-

(a) The buildings for university or off–campus centre shall be constructed ensuring that they do not cause any obstruction in the public road or public land and at the same time there shall be no violation of laws/bye-laws made by regulatory bodies of such roads which are in force for time being;

(b) The distance between two parts of the campus along the sides of public road/public land shall not be more than 500 meters and there shall not be any private land in between the two parts of the campus;

(c) In case the land is divided by a drain, sponsoring body shall construct the building and develop the campus so as to ensure that there is no obstruction to the natural flow of the drain. The sponsoring body may develop green belt or construct boundary wall on its land along both the sides of the drain (naala);

(d) The road/passage, gool, drain, etc. confined to the land of sponsoring body shall get exchanged under the procedure laid down by Department of Revenue, Government of Uttar Pradesh vide Government order no.33/745/Ek-1-2016-20(5)/2016 dated June 03, 2016 and other directions issued in reference of the case;

Till the time the exchange of public road/public land is executed, the road, chak road, drain and other public property shall be kept open by the sponsoring body for public utilization and shall not be closed by construction of building or development of campus and the sponsoring agency shall preserve it by appropriate landscaping or green belt;

(e) The road/passage, gool, drain, etc. passing through the land of sponsoring body shall be settled under the procedure laid down by the Department of Revenue, Government of Uttar Pradesh vide Government order no.33/745/Ek-1-2016-20(5)/2016 dated June 03, 2016 and other directions issued in reference of the case.

Till the exchange of the public road/public land is executed, the

road, chak road, drain and other public property shall be kept open for public utilization by the sponsoring body as mentioned in para (d) above;

(f) If the public land lying in the middle of the land of sponsoring body is non-exchangeable, i.e, it cannot be exchanged as per the existing government rules, then it shall forever be kept open for public utilization by the sponsoring body, and the sponsoring body may construct boundary wall around such land under its title. Further, the area of such public land shall not be counted towards the land for the university or off-campus centre:

Provided that the proposal for university shall be considered for grant of the Letter of Intent and subsequently when the other conditions are fulfilled by the sponsoring body, the name of the university shall be considered for inclusion in the Schedule mentioned in the Act with the condition that within two years of the date of issue of the Letter of Intent, the sponsoring body shall ensure exchange of public land and inform the Department of Revenue through Department of Higher Education. In case the exchange is not executed by sponsoring body within the prescribed time, the Department of Higher Education in consultation with the Department of Law, shall strike off the name of the university from the Schedule of the Act.

Verification of Holding of the land as per norms

6 The officer (not below the rank of Sub-Divisional Officer) nominated by the concerned District Magistrate in the Evaluation Committee, shall personally give his comments in the inspection report regarding ownership of the land, continuity of the plots, details of Government land included in the proposed land, permission regarding the purchase of more than 12.50 acres of land by the appropriate authority and shall also furnish the relevant document(s).

Financial Viability

7 (a) Financial position of the sponsoring body shall be assessed by the Chartered Accountant on the basis of audited balance sheet, income and expenditure account for the last three years in regard to the total income and savings along with the loans taken by the sponsoring body and its usage and comments shall be given by him regarding financial viability for the operation of the university or off-campus centre. Finance Officer, included as the member of Evaluation Committee shall be responsible for the assessment of financial strength of the sponsoring body.

(b) With regard to the financial strength of the sponsoring body, the project report will be provided with the its Chartered Accountant's report/details on the following points:-

| | |
|---|---|
| I. | Asset Liability Ratio For last 3 years i.e Ratio of Total Assets and Total Liabilities. |

| | |
|---|---|
| II. | Networth as at end of last 3 financial years i.e Total Assets minus (-) Total liabilities as at the end of three financial years and the trend of last 3 years. Networth should be Positive. |
| III. | Debt Equity ratio For last 3 Years |
| IV. | Comment on Financial viability of the sponsoring body as on date, regarding establishment and operation of the private university |

(c) With regard to the financial strength, the sponsoring body will provide with the project report, the report/details on the following points:-

| | |
|---|---|
| I. | The details regarding the sponsoring body that the total assets of the sponsoring body are more than its total liabilities, the net worth is positive, the loan is being repaid regularly and during the last three years, the Debt-Equity ratio has been continuously decreasing. |
| II. | Details of how much expenditure will be required by the sponsoring body in the next three years and from what sources it will be met. |
| III. | Year wise details of income-expenditure and surplus should be given – for the last three years and the next three years. |
| IV. | Latest financial viability of sponsoring body for establishment and operation of private university. |

(d) The evaluation/inspection committee will examine this point in the context of the sponsoring body's Assets Liabilities ratio of the previous 03 years, and provide a clear opinion whether the sponsoring body is financially viable for the establishment and operation of the proposed private university or not. In order for the sponsoring body to be financially viable it is necessary that the total Assets should be more than the total Liabilities and its Networth must be positive, regular payment of installments should be made by the sponsoring body in relation to the loan taken from the bank or financial institutions. It will also be seen that the amount of loan sanctioned is decreasing progressively. In this regard, confirmation letter from the concerned bank will be obtained by the sponsoring body in this regard and will be presented.

The comments of the Chartered Accountant of the institution regarding the financial strength of the sponsoring body will be obtained by the evaluation / inspection committee and after due study of the annual accounts of the sponsoring body for 3 years, giving information on the points of rule 7 (b) and 7 (c), the financial viability of the sponsoring body, the report and clear recommendation of the evaluation/inspection committee regarding financial viability will be made available

Application process 8 The application form for University or Off-campus centre will be submitted in the form as given in Appendix-2. The government will endeavor to develop a

methodology for making applications online in a time bound manner. Application form with detailed project report and proposal for establishment of private university or off-campus center as well as demand draft of application fee as fixed by the State Government from time to time and payable in favour of Additional Secretary, Uttar Pradesh State Council of Higher Education, Lucknow. The application will be submitted by the sponsoring body within fifteen days from the date of online application.

The application money received along with the application form will be deposited in the bank account of Uttar Pradesh State Council of Higher Education and its full details will be recorded in a separate book. The expenditure of this amount received along with the applications will be done with the prior approval of the government.

Information required along with the Application letter

9 Sponsoring body shall apply on the format as prescribed in Appendix-2 wherein the following information shall be presented enclosing therewith the following documents:-

A. In case the land is situated in the rural area :-

1. Name of village/villages............ Tehsil............
Number of plots included ................

2. Proposed area............

3. The Certificate issued by the Sub Divisional Officer regarding undisputed ownership

4. The ownership of proposed plots as per certified copy of the Khatauni.

5. The status of contiguity of all proposed plots as per certificate issued by the Sub Divisional Officer.

6. The status of enclosing revenue map certified by the Sub Divisional Officer marking the proposed land
(in case of the proposed land is in more than one villages, separate maps of all villages and one joint revenue map shall be enclosed)

7. The detail of width of link road connecting the proposed site with the main road.

8. The detail of government land situated in the middle of the proposed land, shall be submitted as under:-

(1) Marked in the revenue map certified by Sub Divisional Officer, they shall be presented in green colour if they are exchangeable and in red colour if non-exchangeable.

(2) The detail of Government/public utility land shall also be presented in the following table-

| Serial no. | Plot no. | Area | Nature | Comment – |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | Exchangeable or Non-exchangeable |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

(3) The detail and up-to-date status of case/application letter presented by sponsoring body for exchange of Government/public utility land.

9. Detailed Project Report as per Sections 3 and 4 of the Act.

B. In case the proposed land is allotted by the Land Development Authority or Industrial Development Authority :-

In this situation, following documents shall be enclosed –

1. The date and number of notification of the concerned urban body and its copy
2. The allotment letter issued in the name of the sponsoring body
3. The sale deed/lease deed executed by the Authority
4. Possession certificate
5. The (up-to-date) No Objection Certificate of the Authority for the establishment and operation of the private university or off-campus center on the proposed land
6. Certificate for contiguity of the plots of the proposed land
7. Sanction of the Authority on the proposed building construction map. In case the building is already constructed on the proposed land, then No Objection of the Authority for the operation of the university or off-campus center on that building.
8. Detailed Project Report as per Section 3 and 4 of the Act.

C. In case the proposed land is in the urban area but has not been allotted by any Authority :-

Certified copies of the following documents shall be enclosed:-

